# रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज

(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई)

चौकशिकारपुर, पटना सिटी, पटना-9


Email : info@rmpcollegepatna.ac.in
Website : www.rpmcollegepatna.ac.in
Phone No. : 0612-2641451


प्रो० (डॉ०) पूनम
प्राचार्या
रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज
चौकशिकारपुर, पटना सिटी

प्रो० आर० के० सिंह
माननीय कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

## COLLEGE NEWS BULLETIN


वर्ष : 2024 | अंक : 2 | जनवरी-मार्च 2024 | मूल्य : नि:शुल्क


## VISION

1. The long term vision of our college is encapsulated in the following statement-
2. To be center of excellence in higher education with an innovative teaching, learning research activities to cater to the academic needs of the students by providing qualitative education making themself sufficient in life.
3. To provide modern education to promote academic excellence with an ethical dimension and inculcate values in the young girl students, enhancing their quality of life.
4. Our main moto is to educate enable and empower young women for promoting gender equality, social justice and enhancing their quality of life and transforming them into responsible citizen with a commitment towards serving humanity.

## MISSION

1. To impart holistic quality education to girl students of unprivileged cross section of society, and empower them with knowledge, skill and competence and make them self-reliant and socially committed citizens of the country.
2. To create a learning ambience in the College, where research and scholarship flourishes.
3. To provide updated knowledge and skill to the girl students to enable them compete in this highly competitive globalized world.
4. To develop overall personality of the girl students to enable them face the fast changing times with dynamism and confidence.
5. To promote art and culture in the College by regularly organizing such events in the campus and by inviting famous experts to inspire the students.
6. To campaign against environmental pollution and to provide best possible protection to all the College members from all kinds of pollution in the campus.
7. The best possible ancient and modern tools and technique of teaching learning should be used to provide updated knowledge and skills, in the globalised world to the girl student of this college who comes from far flung and remote areas.
8. To enable the students to explore the locally available economic resources for their employment and providing support to the society.

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के महत्त्वपूर्ण आयाम

**स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अन्तर्गत कार्यरत पटना सिटी स्थित प्रतिष्ठित महाविद्यालय रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज अपने छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अध्ययन-अध्यापन के साथ ही विविध प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करता रहता है। इसी क्रम में महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन आर.पी.एम. कॉलेज पटना सिटी, रेड क्रॉस सोसाइटी, पटना सिटी ब्रांच एवं दीनबंधु फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना मेयर सीता साहू, प्राचार्या प्रो. (डॉ) पूनम, विशिष्ट अतिथि विक्की साहनी एवं शिक्षकों के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मेयर सीता साहू ने बताया कि बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी कम मिल पाती है जिससे उनका मानसिक विकास ठीक से नहीं हो पाता है।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ) पूनम ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय के हेल्थ सेन्टर में डॉक्टर बैठेंगे, जिनसे छात्राएं स्वास्थ्य संबंधी सलाह और परेशानी का इलाज करा सकती है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास हेतु लगातार अनेक कदम उठाए जा रहे हैं यथा नि:शुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग, आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग, नि:शुल्क जूडो कराटे ट्रेनिंग इत्यादि।

मौके पर दीनबंधु फाउंडेशन के द्वारा 200 छात्राओं को सेनेटरी पैड दिया गया। रेड क्रॉस के द्वारा छात्रओं को आपदा प्रबंधन का ट्रेनिंग डॉ. श्रवण कुमार सिंह और अभयानंद के द्वारा दिया गया। मंच संचालन रविन्द्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रजिया नसरीन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपहार फाउंडेशन के संस्थापक उपहार त्रिवेदी, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष गोविंद कनोडिया, अंजू जैन एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

-धन्यवाद




## महाविद्यालय की विशेषताएँ

- व्यवसायिक कोर्स BBM एवं BLIS की पढ़ाई
- नियमित वर्ग संचालन
- स्मार्टबोर्ड युक्त कक्षाएँ
- प्रबुद्ध शिक्षकगण
- एकेडमिक कलैन्डर
- ऑनलाइन नामांकन
- ऑनलाइन परीक्षा संबंधी कार्य
- ओटोमेटेड लाइब्रेरी
- आधुनिक सुसज्जित विज्ञान प्रायोगशाला
- ड्रेस कोड
- सोलर ऊर्जा
- रेनवाटर हारवेस्टिग प्लांट
- E-वेस्ट मेनेजमेंट
- नियमित एन. एस. एस. सक्रियता
- अनुशासित कार्यालय संपादन
- डाइनेमिक वेबसाइट
- नियमित खेलकूद सक्रियता
- नियमित शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन
- रैम्प की सुविधा
- पूछताछ काउन्टर
- नियमित कैरियर काउन्सिलिंग
- न्यूज बुलेटिन का नियमित प्रकाशन
- Wi-fi कैम्पस
- सी.सी.टी.वी कैमरा
- पीयर टिचिंग सेल
- हेल्थ सेन्टर
- कैंटीन
- ग्रीन आर्मी
- नि:शुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग
- नि:शुल्क योगा ट्रेनिंग
- नि:शुल्क हेल्थ चेक-अप
- नि:शुल्क जूडो/कराटे ट्रेनिंग
- नि:शुल्क आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग
- नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर
- छात्र दरबार
- हर्बल गार्डेन
- एंटी रैगिंग सेल

रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय
पटना सिटी
तमसो मा ज्योतिर्गमय

**संरक्षक**
**प्रो0 ( डॉ0 ) पूनम**
प्राचार्या

**संपादक**
**डॉ0 रजिया नसरीन**
अध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग

**सह संपादक**
**डॉ0 अंजु जैन**
अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग

**संपादक मंडल**
**डॉ० प्रीति कुमारी**
असि० प्रो०, प्राचीन इतिहास एवं एशियाई अध्ययन

**डॉ० मीनु मिंज**
अतिथि व्याख्याता, समाजशास्त्र विभाग

**डॉ० सीमा कुमारी**
अतिथि व्याख्याता, अर्थशास्त्र विभाग

**डॉ० ईना बहन**
अतिथि व्याख्याता, भौतिकी विभाग

# प्राचार्य की कलम से................



देश के विकास में आधी आबादी यानी महिलाओं की अहम भूमिका रही है। महिलाओं को शक्तिशाली बनाने में, शिक्षा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज नारी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है। पूर्वी पटना का यह एक महत्त्वपूर्ण महिला कॉलेज है जहाँ बख्तियारपुर से छात्रा पढ़ने आती है। यह महाविद्यालय पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का एक अंगीभूत इकाई है तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अपना एक अहम स्थान रखता है। महाविद्यालय अपनी स्थापना के उपरांत लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है तथा अपनी परिधि को बढ़ाता जा रहा है, जिनके लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अलावे अनेक व्यावसायिक एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम महाविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे हैं।

महाविद्यालय 18 विषयों में इंटर से स्नातकोत्तर स्तर तक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के अध्ययन अध्यापन का मंच प्रदान करता है। यहाँ BBM एवं BLIS व्यावसायिक कोर्स की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में 17 शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं 7 शिक्षकेतर कर्मचारीगण कार्यरत है।

11 सितम्बर 2023 को दूसरी बार रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज में प्राचार्यो के रूप में मैंने यहाँ का कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय में योगदान के उपरांत महाविद्यालय का तेजी से विकास करने का मैंने दृढ़ संकल्प लिया और इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया।

तेजी से विकास के लिए समुचित सिस्टम को विकसित करने बुनियादी सुविधाओं को अविलंब बहाल करने, शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने एवं अनुशासन इत्यादि पर सर्वाधिक बल दिया परिणामस्वरूप महाविद्यालय के न सिर्फ भौतिक स्वरूप में बदलाव आने लगा बल्कि लगातार विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं आयोजन के कारण छात्राओं एवं शिक्षकों का उत्साहवर्द्धन हुआ एवं महाविद्यालय न सिर्फ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में बल्कि पूरे राज्य में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाता जा रहा है। इस महाविद्यालय को विकास के स्वर्णिम ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए मैं संकल्पित हूँ। महाविद्यालय में साधन सीमित है, ढेरों बाधाएँ है लेकिन आगे बढ़ते जाना ही ध्येय है, क्योंकि 'मंजिलें उन्हें मिलीं जिनके सपनों में जान है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान है।'

**प्रो० (डॉ०) पूनम**
**प्राचार्या**

## महाविद्यालय के पदाधिकारीगण



**Dr. Kiran Kumari**
Nodel Officer



**Dr. Razia Nasrin**
IQAC Co-ordinator



**Dr. Anju Jain**
NAAC Co-ordinator & Vocational



**Dr. Sushma**
Proctor



**Dr. Manoj Kumar**
Examination Controller



**Dr. Jayanti Rani**
NSS Program Officer

# Academic & Extra Curricular Activities in Our College









| Date | Programme | Organizing Department |
|---|---|---|
| | **(January, 2024)** | |
| 11.01.2024 | विकसित भारत पर अभियान वर्ष 1947 | IQAC |
| 12.01.2024 | नेशनल युवा डे NSS युवा महोत्सव नेहरू युवा केन्द्र के साथ | NSS |
| 22.01.2024 | IIQA Submit | IQAC |
| 26.01.2024 | सांस्कृतिक कार्यक्रम | Cultural Committee |
| 31.01.2024 | कैंटिंग उद्घाटन | |
| | **(February, 2024)** | |
| 05.02.2024 | प्रेस कॉन्फ्रेंस | IQAC |
| 07.02.2024 | मनोविज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी | Psychology Deptt. |
| 12.02.2024 | सांस्कृतिक कार्यक्रम | Cultural Committee |
| 13.02.204 | वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन | सांस्कृतिक विभाग |
| 17.02.2024 | प्राचार्या ने लगाया छात्र दरबार | IQAC |
| 29.02.2024 | विज्ञान दिवस सप्ताह के अवसर पर Science & Technology Awareness | विज्ञान संकाय |
| | **(March, 2024)** | |
| 02.03.2024 | सलाद प्रतियोगिता का आयोजन (गृह विज्ञान) | गृह विज्ञान विभाग |
| 07.03.2024 | MOU रेड क्रॉस पटना सिटी ब्रांच के साथ MOU-स्वरूप सेवांजली फाउंडेशन के साथ | IQAC |
| 12.03.2024 | स्वास्थ्य जागरूकता अभियान | IQAC |
| 12.03.2024 | रेड क्रॉस सोसाईटी के तहत आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम | IQAC |
| 13.03.2024 | Project प्रदर्शनी | विज्ञान संकाय |
| 23.03.2024 | होली मिलन, छात्र दरबार, वोट जागरूकता एवं रंगोली प्रतियोगिता | NSS |
| 23.03.2024 | बिहार दिवस के अवसर पर प्रथम बार वोट पर रंगोली प्रतियोगिता (वोट जागरूकता कार्यक्रम) | NSS |

































## विकसित भारत 2047 पर संगोष्ठी

आज दिनांक 11/01/2024 को आर.पी.एम.महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें भारत को 2047 तक श्रेष्ठ एवं विकसित बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं को सर्वहिताय एवं सर्वसुखाय के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने की। इस कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर डॉ. सीमा कुमारी ने छात्राओं को विकसित भारत पर स्लोगन और भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रेरित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्नेहलता भारती,दूसरा पुरस्कार स्वेता कुमारी एवं स्लोगन में प्रथम पुरस्कार राज सलोनी, दूसरा पुरस्कार स्वेता कुमारी को मिला। इस कार्यक्रम का समापन इस स्लोगन के साथ हुआ –

विकसित होता राष्ट्र हमारा, रंग लाती हर कुर्बानी है।
फक्र से हम अपना परिचय देते, हम सारे हिंदुस्तानी हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपने-अपने विचार




व्यक्त किये। सभी शिक्षक, शिक्षिकेत्तर कर्मचारी और छात्राओं ने अपने-अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सन् 2047 तक भारत को स्वर्ण शताब्दी पर विकसित बनाने का संकल्प लिया।

## 75वाँ वर्ष गणतंत्र दिवस का आयोजन

आज दिनांक 26/01/2024 को आर. पी. एम. कॉलेज पटना सिटी मे 75 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. (डॉ) पूनम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने महाविद्यालय की छात्र सुश्री सिमरन कुमारी को दिल्ली मे Republic Day parade में भाग लेने हेतु सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये । इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



## गृह विज्ञान विभाग में सलाद प्रतियोगिता

आज दिनांक 2/3/2024 को महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग में सलाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गृहविज्ञान की अध्यक्षा डॉ रजिया नसरीन ने छात्राओं को सलाद प्रतियोगिता के लिए प्रेरित किया। लगभग 35 छात्राओं ने इस सलाद प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ अंजु जैन, डॉ सुषमा, डॉ नीलम ने जज की भूमिका अदा की। निर्णय करना काफी कठिन रहा क्योंकि सभी एक से एक बढ़कर थी। प्रथम स्थान रजनी कुमारी, रोहिणी कुमारी, सोनाली पटेल, द्वितीय स्थान गुंजा कुमारी, रानी कुमारी, अंकिता कुमारी एवं तृतीय स्थान पर काजल निशा, भारती रही। सभी छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कुछ छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।



## महाविद्यालय का रेड क्रॉस एवं स्वरूप सेवांजलि फाउंडेशन के साथ MOU



आज दिनांक 07/03/2024 को रामेश्वर दास पन्नालाल महिला महाविद्यालय एवं रेड क्रॉस सब डिस्ट्रिक्ट ब्रांच, पटना सिटी के बीच MOU साइन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या लगातार कॉलेज को NAAC से प्रत्यायन करने के लिए प्रयत्नशील है।

इसके अगले कड़ी के रूप में विभिन्न संस्थाओं के साथ MOU साइन किया जा रहा है। रेड क्रॉस संस्था समय-समय पर आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग देगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की 100 छात्राएं रेड क्रॉस की मेंबर बनी उन्हें रेड क्रॉस के द्वारा बेल्ट, बैच, कैप एवं सर्टिफिकेट आदि दिया जाएगा। रेड क्रॉस के संयुक्त सचिव श्री गोविंद कनोडिया ने महाविद्यालय के विकास में भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

आज ही महाविद्यालय का एक दूसरी संस्था स्वरूप सेवांजलि फाउंडेशन पटना सिटी के साथ भी MOU साइन किया गया इसके फाउंडेशन के सचिव के आकाश कुमार के द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय के छात्राओं को कराटे और ताइकांडो का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम भी किया जाएगा।

इस अवसर पर प्राचार्य ने अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय एवं छात्रओं का सर्वांगीण विकास करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए उन्होंने सभी पटना सिटी के उद्योगपतियों तथा वरिष्ठ नागरिकों से सहयोग करने का भी अपील किया।

इस अवसर पर एलुमनाई संगठन की अध्यक्ष सरोज जयसवाल भी उपस्थित थी। उन्होंने हेल्थ सेंटर के लिए डॉक्टर उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय की आई. क्यू. ए. सी की समन्वयक डॉ. रजिया नसरीन, नैक समन्वयक डॉ. अंजू जैन, डॉ. किरण, डॉ. सुषमा एवं अन्य शिक्षक, शिक्षकेत्तर उपस्थित थे।

# प्रेस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन



आज दिनांक 05/02/2024 को आर.पी.एम. कॉलेज में प्रेस कॉफ्रेंस हुई जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने महाविद्यालय में किए गए कार्यों अपने बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में कैंटीन का उद्घाटन हुआ है। अल्मनाई एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन भारत सरकार के द्वारा कराया गया है। प्रथम तल्ला और द्वितीय तल्ला का जीर्णोद्धार हुआ है, महाविद्यालय का त्रेमासिक News बुलेटिन निकाला जा रहा हैं। जो शीघ्र ही आप लोगों के सामने होगी। N-list और स्वयं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। AICTE से भी हमारा रजिस्ट्रेशन हो चुका है। महाविद्यालय में हम लोग छात्राओं की सुविधा के लिए छात्र दरबार लगा रहे हैं। आगे भी छात्र दरबार लगाने के लिए कैलेंडर बन चुका है। एकेडमिक कैलेंडर बन चुका है। प्रशासनिक भवन के ऊपर एक gym और vocational course के लिए दो क्लासरूम बनाने का नक्शा और प्राक्लन तैयार हो चुका है। बहुत दिनों के बाद हमारे महाविद्यालय में पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी का परीक्षा केन्द्र पड़ा तथा बहुत ही शांतिपूर्वक ढंग से परीक्षा का संचालन हुआ। सारे महाविद्यालय में cctv कैमरा लगे हुए हैं। इससे महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहती है। साथ ही थाना वगैरह वाले भी आकर यहां से हेल्प लेते हैं। करो संभव संस्था से E-Waste के disposal हेतु हमारा mou sign हो चुका है। आस्था लोक हॉस्पिटल और सवेरा कैंसर हॉस्पिटल से हमारा MOU निकट भविष्य में sign होगा जो सप्ताह में दो डॉक्टर छात्राओं के चेकअप के लिए भेजेंगे। 22/01/2024 को हमने IIQA सफलता पूर्वक NAAC के पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। शीघ्र ही SSR भी भर दिया जाएगा। महाविद्यालय के पास ग्राउंड की कमी है अगर सरकार से इस क्षेत्र में सहयोग मिले तो महाविद्यालय जो पूर्वी पटना का एकमात्र महिला कॉलेज है वह एक सशक्त कॉलेज बनकर सामने आएगा, क्योंकि हमारे यहां टैलेंट की कमी नहीं है। इस अवसर पर महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. अंजू जैन भी उपस्थित थी।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 7.2.2024 को मनोविज्ञान विभाग में विभागीय क्रियाकलाप के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें विभाग की 20 छात्रओं ने जुही, खुशी, आकांक्षा कशिश, प्रिया,पूजा,मैत्रे, सोनी,दीपशिखा,श्रुति,शिवनी, शालू,अनामिक,शीतल, मुस्कान, प्रिया, नंदनी,कुसुम, पूजा,दिव्यांशी सिंह एवं विभिन्न छात्रओं ने भाग लिया ।

प्रतियोगिता में प्राचार्या प्रो. डॉ. पूनम, डॉ. किरण कुमारी एवं कुलानुशासक डॉ. सुषमा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मनोविज्ञान विभाग की एक छात्रा रानी कुमारी ने पोस्टर के साथ आर पी एम कॉलेज के संथापक पन्नालाल जी पेंसिल से स्केच बनाकर धन्यवाद लिखा जो आश्चर्यचकित एवं खुशी पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं को संबोधित करते प्रो. पूनम ने छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमारा महाविद्यालय किसी बड़े महाविद्यालय से कम नहीं है। यहाँ आपकी सुविधा के लिए सब कुछ है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यांशी सिंह, द्वितीय स्थान श्रुति पांडे, और पूजा कुमारी एवं तृतीय स्थान कुसुम कुमारी, मैत्रे श्री और रानी कुमारी ने प्राप्त किया।इस कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान की अध्यापिका अनिशा कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. रजिया नसरीन, डॉ. अंजु जैन, डॉ. प्रियंका एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।



# महाविद्यालय के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम



आज दिनांक 12/2/24 को रामेश्वरदास पन्नालाल महाविद्यालय में एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. पूनम ने की।

छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों की प्रतिभा निखरती है। और उनकी व्यक्तित्व का विकास होता है , जो उनके आगे के पारिवारिक जीवन और व्यावसायिक जीवन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है इस अवसर पर छात्राओं ने कथक डांस, हरयाणवी डांस, एवं अनेकों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की। प्राची ,सोनाली, आयुषी, मैत्री, स्नेहा, मंतशा प्रवीण, आरती, बॉबी आदि, छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक विभाग की अध्यक्ष डॉ अंजू जैन, ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रजिया नसरीन ने किया।

# वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 13/02/2024 को आर पी एम कॉलेज पटना सिटी में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मुकेश कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने की। इस अवसर पर बोलते हुए मुकेश कुमार ने कहा कि खेल-कूद में भाग लेने वाले बच्चों को बिहार सरकार प्राथमिकत दे रही है, उनका पोर्टल साल में एक बार खुलता है, छात्रायें उस पोर्टल पर जाकर अपना सर्टिफिकेट अपलोड कर सकती हैं । क्योंकि सरकार का नारा है । मेडल लाओ - नौकरी पाओ । इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि पहली सीढ़ी महाविद्यालय का कैम्पस है जिसमें आप अपनी प्रतिभा को निखार सकती है। पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत ही जरूरी है, जीवन में स्वस्थ और एक्टिव रहने के लिए भी खेलना जरूरी है।

वार्षिक खेलकूद में कैरम, टेबल-टेनिस, चेस इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 35 छात्राओं ने भाग लिया । जिसमें कैरम में प्रथम स्थान - भारती ,द्वितीय निक्की, तृतीया स्थान रेहाना रॉय रही।



चेस में प्रथम स्थान भारती,द्वितीय स्थान निशा तृतीय अंशिका रही।

टेबल टेनिस में प्रथम स्थान निक्की द्वितीय स्थान रेहाना तृतीय स्थान शिम्पी रही

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ईना बहन ने किया।पूरी क्रीड़ा टीम डॉ. सतेन्द्र, डॉ. सीमा, डॉ अमोल, डॉ. रविन्द्र कुमार सक्रिय रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रविन्द्र कुमार ने किया। और धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ईना ने किया।

# प्राचार्या ने लगाया छात्र दरबार

आज दिनांक 17/02/2024 को आर. पी. एम. महाविद्यालय में प्राचार्या के साथ छात्र दरबार लगाया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी समस्या एवं सुझाव प्राचार्या के समक्ष रखा। छात्राओं ने (Sanitary Napkin के Dispensar & Disposal) second semester में MIL, SEC] एवं VAC की कक्षाओं का संचालन इत्यादि की बात रखी। प्राचार्या ने अपने संबोधन में Library में Reading Room,रूटीन अपने बैग में रखने, Sanitary Napkin मशीन लगाने, कैंटीन से पौष्टिक नाश्ता करने, peer teaching cell के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रीना कुमारी, खुशी कुमारी, प्राची कुमारी, सुहानी, मधु, सोनाली, प्रियंका आदि छात्राओं ने अपने विचार रखे। छात्र दरबार का संचालन राजनीति शास्त्र की डॉ नीना कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन समाजशास्त्र की डॉ. नीलम के द्वारा किया गया।



# विज्ञान दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य पर सेमिनार का आयोजन

आज दिनांक 29/02/2024 को आर.पी.एम. महाविद्यालय में विज्ञान दिवस सप्ताह के अवसर पर Technology awareness पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें रोबोटिक्स मॉडल्स बनाकर छात्रओं को दिखाया गया। Reviving India के द्वारा फायर फाइटिंग रोबोट, सेनसर ब्लाइंड स्टीक, स्मार्ट डस्टबीन, वाई- फाइ कार इत्यादि विषय का मॉडल बनाकर छात्राओं को टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दिया गया, यह भी बताया गया कि छात्राएं इस क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकती है जो 21 वीं सदी का महत्वपूर्ण कैरियर ऑप्शन है।इसके लिए छात्राओं को जागरूक किया गया। प्रश्नोंतर सेशन में विज्ञान की छात्राएं पलक, अंजली, रोहिणी, अनु, तुलसी के द्वारा प्रश्न भी पूछे गए। प्राचार्या ने भी रोबोटिक्स टीम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारी लीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. पूनम ने की। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान विभाग के डॉ. ईना बहन एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा के द्वारा किया गया। मंच संचालन रविन्द्र कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ईना बहन ने किया।



## स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन

रामेश्वरदास पन्नालाल कॉलेज, पटना सिटी एवम दीनबंधु फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर सीता साहू, विशिष्ट अतिथियों, प्राचार्या और शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस मौके पर पटना की महापौर महोदया सीता साहू, दीनबंधु फाउंडेशन के अधयक्ष सात्विक सक्सेना, प्राचार्य (डॉ.) पूनम अपने उद्घाटन में बताया कि बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी कम मिल पाती है जिससे उनको सही मानसिक विकास नहीं हो पाता है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी वैष्णवी उपहार फाउंडेशन के संस्थापक उपहार त्रिवेदी, भावना शर्मा, अनीता शर्मा, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष गोविंद कनोडिया, NAAC समन्वयक अंजू जैन, IQAC समन्वयक रजिया नसरीन मौजूद रही।

सीता साहू जी ने कहीं की आज के बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी कम होने के कारण किसी भी तरह की शारीरिक और मानसिक परिवर्तन को लेकर मन में गलत अवधारणा बैठा लेती है जिसके कारण वह मानसिक तौर पर बीमार होती चली जाती है।

महाविद्यालय की प्राचार्य (प्रो.) पूनम ने बताया कि छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय के कैंपस में प्रत्येक सप्ताह डॉक्टर बैठेंगे, जिनसे मिलकर आप अपनी स्वास्थ्य संबंधी सलाह ले सकते हैं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का इलाज करा सकते हैं। उन्होंने बताया की महाविद्यालय में अनेक पर्सनालिटी विकास हेतु लगातार अनेक कदम उठाए जा रहे है। तथा नि:शुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग, नि:शुल्क आपदा प्रबंधन, नि:शुल्क जूडो कराटे ट्रेनिंग, नि:शुल्क योगा ट्रेनिंग आदि दी जा रही है। महाविद्यालय में BBM, BLIS की भी पढ़ाई करवाई जा रही है। लड़कियों के नौकरी के लिए जॉब फेयर लगाया जा रहा है।

समाजसेवा के क्षेत्र में विगत कई वर्षों से नि:स्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं फाउंडेशन के अध्यक्ष सात्विक सक्सेना जी ने अपने शब्दों से कार्यक्रम का अभिवादन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ) पूनम और मंच संचालन रविंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनीता शर्मा और भावना शर्मा जी ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी बहुत सी जानकारियां दी और पुराने समय से चले आ रहे हैं मानसिक विसंगतियों को भी दूर किया, और फाउंडेशन द्वारा 200 बच्चों को सेनेटरी पैड वितरित किया गया।

इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा दीनबंधु फाउंडेशन के मुख्य संयोजक विक्की सहनी ने किया।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा छात्राओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण डॉक्टर श्रवण कुमार सिंह और अभयानंद के द्वारा दिया गया । धन्यवाद ज्ञापन IQAC समन्वयक डॉ रजिया नसरीन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थें।

## विज्ञान संकाय द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

आज दिनांक 13/03/2024, दिन बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में विज्ञान संकाय के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम, डॉ. सुषमा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. नीलम, डॉ. ईना बहन, डॉ. रविन्द्र कुमार के द्वारा किया गया।

विज्ञान विभाग के बच्चों ने अलग-अलग मॉडल तैयार कर लाए जिसमें रिमझिम रानी, श्रुति कुमारी (सोलर सिस्टम), अन्नु कुमारी (देशी वाटर फिल्टर), श्रेया रानी (ज्वालामुखी विस्फोट), अंशु कुमारी (वाटर सेक्शन), सुहाशनी कुमारी (प्रकाश संश्लेषण मॉडल) इन सभी बच्चों ने अपने-अपने मॉडल के बारे में बताया भी।

इस मौके पर प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने कहा कि बच्चों ने मेहनत करके अच्छे मॉडल प्रस्तुत किए और व्याख्या की आज के समय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी बहुत ही रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और विज्ञान का ज्ञान अधूरा होने पर इस रफ्तार में लोग पीछे छूट जाते हैं।



इस कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान विभाग के शिक्षकों डॉ. इना बहन (भौतिकी), रविन्द्र कुमार (गणित), प्रशांत उपाध्याय (जंतु विज्ञान) द्वारा किया गया। मंच संचालन रविन्द्र कुमार और अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने किया। इस कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार अणु कुमारी, दूसरा पुरस्कार जानवी कुमारी, तीसरा पुरस्कार विजेता रिमझिम कुमारी और श्रेया कुमारी रही।

इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर उपस्थित रहे।

## महिला मतदाता जागरूकता रैली

आज दिनांक 13/03/2024 को महिला मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन NSS की तरफ से किया गया। रैली का संचालन NSS डॉ. जयंती रानी ने किया। रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं तथा 18 साल से अधिक की बच्चियों के उनके मताधिकार के प्रति अवगत करवाना था। मताधिकार के प्रयोग के द्वारा महिलायें देश के नेतृत्व को बदल सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. पूनम ने किया। उन्होंने किशोरियों को उनके पहले मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक गणों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई तथा लड़कियों को मतदान के लिए उत्साहित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. नीलम कुमारी, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. सुषमा, डॉ. नीना कुमारी, डॉ. नागेंद्र मिश्र, रेखा कुमारी इत्यादि मौजूद रहे।



आज दिनांक 23/03/2024 को महाविद्यालय में छात्र दरबार का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने छात्राओं के साथ संवाद किया। प्राचार्या ने छात्राओं को N-list एवं swaym का महत्व समझाते हुए इसमें पंजीख्रत होने को कहा। छात्राओं की उपस्थिति तथा विभिन्न क्रियाकलापों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन IQAC समन्वयक डॉ. रजिया नसरीन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीना कुमारी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

## बिहार दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता

आज दिनांक- 23/03/2024 को NSS की तरफ से बिहार दिवस के अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के लिए 'First Time Voters शीर्षक पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा होली के उपलक्ष्य पर होली मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन NSS पदाधिकारी डॉ. जयंति रानी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. नीलम कुमारी, डॉ. ईना, डॉ. नागेंद्र मिश्र, डॉ. सुषमा, डॉ. रजिया नसरीन, डॉ. नीना कुमारी, डॉ. मीनू मिंज, रेखा कुमारी तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेया श्री, दूसरा स्थान करिश्मा कुमारी और ओशी कुमारी, तीसरा स्थान पूजा कुमारी और रीना कुमारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



